एशिया महाद्वीप के देश, राजधानी और मुद्रा

samanyagyan.com/hindi/gk-asian-countries-capital-and-currency

एशिया महाद्वीप के प्रमुख देश, राजधानी एवं उनकी मुद्राएं: (Name of Asian Countries, Capitals and Currencies List in Hindi)

एशिया महाद्वीप:

एशिया आकार और जनसंख्या दोनों ही दृष्टि से विश्व का सबसे बड़ा महाद्वीप है, जो उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। पश्चिम में इसकी सीमाएं यूरोप से मिलती हैं, हालाँकि इन दोनों के बीच कोई सर्वमान्य और स्पष्ट सीमा नहीं निर्धारित है। एशिया और यूरोप को मिलाकर कभी-कभी यूरेशिया भी कहा जाता है।

एशियाई महाद्वीप भूमध्य सागर, अंध सागर, **आर्कटिक महासागर**, प्रशांत महासागर और हिन्द महासागर से घिरा हुआ है। काकेशस पर्वत शृंखला और **यूराल पर्वत** प्राकृतिक रूप से एशिया को यूरोप से अलग करते है।

कुछ सबसे प्राचीन मानव सभ्यताओं का जन्म इसी महाद्वीप पर हुआ था जैसे सुमेर, भारतीय सभ्यता, चीनी सभ्यता इत्यादि। चीन और **भारत** विश्व के दो सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भी हैं।

यहां पर एशिया महाद्वीप के प्रमुख देशों के नाम, उनकी राजधानी एवं उनकी मुद्राओं की सूची की सूची दी गई हैं। सामान्यतः इस सूची से सम्बंधित कई प्रश्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाते है। यदि आप विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे: आईएएस, शिक्षक, यूपीएससी, पीसीएस, एसएससी, बैंक, एमबीए एवं अन्य सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी कर रहे हैं, तो आपको एशिया के प्रमुख देश, उनकी राजधानी एवं उनकी मुद्राओं के बारे में अवश्य पता होना चाहिए।

एशिया महाद्वीप के प्रमुख देश, राजधानी एवं उनकी मुद्राओं की सूची:

देश का नाम	उनकी राजधानी	मुद्रा का नाम
अजरबैजान	बाकू	आज़रबाइजानी मनात
अफ़ग़ानिस्तान	काबुल	अफगानी
आर्मीनिया	येरेवन	द्राम
इंडोनेशिया	जकार्ता	रुपया
इजरायल	जेरूसलम	इजरायली नई शेकेल
इराक	बगदाद	इराकी दिनार
ईरान	तेहरान	रियाल
उज़्बेकिस्तान	ताशकंद	उज़्बेकिस्तानी सोम
उत्तरी कोरिया	प्योंगयांग	वॉन
उत्तरी साइप्रस	निकोसिया	तुर्किश लीरा
ओमान	मस्कट	ओमानी रियाल

देश का नाम	उनकी राजधानी	मुद्रा का नाम
कजाकिस्तान (कजाखस्तान)	नूर सुल्तान	कज़ाखस्तानी टेंगे
कतर	दोहा	रियाल
कम्बोडिया	नाम पेन्ह	कम्बोडियन रीएल
किर्गिस्तान	बिश्केक	सोम
इराकी कुर्दिस्तान	एर्बिल	इराकी दीनार
कुवैत	कुवैत शहर	कुवैती दिनार
कोकोस (कीलिंग) द्वीप	पश्चिम द्वीप	ऑस्ट्रेलियाई डॉलर
क्रिसमस द्वीप	मछली कोव उड़ान	ऑस्ट्रेलियाई डॉलर
चीन	बीजिंग	युआन
जापान	टोक्यो	येन
जॉर्जिया	टैबिलिसि	जॉर्जिया लारी
जॉर्डन	अम्मान	जॉर्डन दिनार
ताइवान	ताइपे	डॉलर
ताजिकिस्तान	दुशानबा	सोमोनी
तुर्कमेनिस्तान	अश्गाबात	तुर्कमेनिस्तान मनात
तुर्की	अंकारा	लीरा
थाईलैंड	बैंकॉक	थाईबेहत
दक्षिण कोरिया	सियोल	वॉन
नेपाल	कांठमांडू	रुपया
पाकिस्तान	इस्लामाबाद	रुपया
पूर्वी तिमोर	दिली	यूएस डालर
फिलीपींस	मनीला	पेसो
बहरीन	मनामा	बहरीन दिनार
बांग्लादेश	ढाका	टका
ब्रुनेई	बंदर सेरी बेगावान	
भारत	नई दिल्ली	रुपया
भूटान	थिम्पू	गुलटुम

देश का नाम	उनकी राजधानी	मुद्रा का नाम
मंगोलिया	उलानबटोर	तुगरिक
मकाऊ	मकाऊ	मकाऊ पटाका
मलेशिया	क्वालालम्पुर	डॉलर
मालदीव	माले	मालदीव रूफिया
म्यांमार (बर्मा)	नैप्यीडॉ (Naypyidaw)	क्यात
यमन	साना	यमनी रियाल
लाओस	वियनतियाने	लाओ कीप
लेबनान	बेरुत	पाउंड
वियतनाम	हनोई	डाँग
श्रीलंका	कोलम्बो, श्री जयवर्धनापुरा-कोट्टी	रुपया
संयुक्त अरब अमीरात	आबूधाबी	दिरहम
सऊदी अरब	रियाद	सऊदी रियाल
साइप्रस	निकोसिया	यूरो
सिंगापुर	सिंगापुर	सिंगापुरी डॉलर
सीरिया	दमिश्क	सीरियन पॉउण्ड
हाँग कांग	विक्टोरिया	डॉलर

नीचे दिए गए प्रश्न और उत्तर प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रख कर बनाए गए हैं। यह भाग हमें सुझाव देता है कि सरकारी नौकरी की परीक्षाओं में किस प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं। यह प्रश्नोत्तरी एसएससी (SSC), यूपीएससी (UPSC), रेलवे (Railway), बैंकिंग (Banking) तथा अन्य परीक्षाओं में भी लाभदायक है।

महत्वपूर्ण प्रश्न और उत्तर (FAQs):

प्रश्न: कौन-सा नगर दो राज्यों की संयुक्त राजधानी है?

उत्तर: चंडीगढ़ *(Exam - SSC STENO G-D Feb, 1996)*
प्रश्न: कुबलाई खान द्वारा निर्मित राजधानी शहर "दाइडु" कहाँ स्थित है?

उत्तर: बीजिंग में *(Exam - SSC SOC Nov, 1997)*
प्रश्न: दादरा और नागर हवेली की राजधानी कहाँ है?

उत्तर: सिल्वासा *(Exam - SSC AG Jan, 1998)*
प्रश्न: यू. एस. ए. की राजधानी किस नदी के किनारे स्थित है?

उत्तर: पोटोमैक *(Exam - SSC TA Dec, 2005)*
प्रश्न: मलेशिया की प्रशासनिक राजधानी कहाँ है ?

उत्तर: पुत्रजया *(Exam - SSC CHSL Nov, 2010)*
प्रश्न: जापान की मुद्रा क्या है?

उत्तर: येन *(Exam - SSC LDC Oct, 1998)*
प्रश्न: मकाऊ की मुद्रा को क्या कहा जाता है?

उत्तर: पटाका *(Exam - SSC CML May, 2000)*
प्रश्न: सऊदी अरब की मुद्रा कौन-सी है?

उत्तर: रियाल *(Exam - SSC SOC Aug, 2001)*
प्रश्न: कौन-सी मुद्रा यूरोपीय संघ की सामान्य मुद्रा है?

उत्तर: यूरो *(Exam - SSC AIC Oct, 2003)*
प्रश्न: म्यांमार की मुद्रा क्या है?

उत्तर: क्यात *(Exam - SSC CML Mar, 2008)*